फर्द अहकाम
(नियम–26)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज0)

श्री राजेन्द्र कुमार सालवी निवासी गांव सुरजना पोस्ट समेलपुरा तहसील व जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविधालय, चित्तौड़गढ़, तहसील व जिला चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 038/2026 (RTI)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलान्ट श्री राजेन्द्र कुमार सालवी निवासी गांव सुरजना पोस्ट समेलपुरा तहसील व जिला चित्तौड़गढ़ ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 12.01.2026 को लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविधालय, चित्तौड़गढ़, तहसील व जिला चित्तौड़गढ़ के यहां प्रस्तुत किया, जिस पर अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविधालय, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविधालय, चित्तौड़गढ़ लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) की श्रेणी के अन्तर्गत नहीं आते हैं। सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	.....लगातार

	चूंकि लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविधालय, चित्तौड़गढ़, तहसील व जिला चित्तौड़गढ़ लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) की श्रेणी में नही आते हैं, जिससे प्रस्तुत अपील पर सुनवाई की क्षेत्राधिकारिता इस कार्यालय को प्रदत्त नहीं है जिससे हस्तगत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई नही की जा सकती है। अतः अपीलार्थी को संबंधित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के यहां अपील प्रस्तुत करने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को निःशुल्क प्रेषित की जावे।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official